## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

आज मुहर्रम है। हमेशा यह दिवस पैगम्बर मुहम्मद के पोते हज़रत इमाम हुसैन और उनके शागिर्दों की शहादत की याद में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दी थी। इधर, राजधानी रांची समेत राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुहर्रम जुलूस निकाला जा रहा है। उपराजधानी दुमका में मोहम्मद साहब की याद में मुहर्रम पर्व मनाया गया। दुमका के टीन बाजार में शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिया के साथ लोग पहुंचे और करतब दिखाया। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। लोगों ने शांति और सद्भाव के साथ मुहर्रम पर्व मनाकर मोहमद साहब को याद किया।

इधर, गिरिडीह में तजिया जुलूस के दौरान करंट लगने से एक की मौत हो गयी है जबकि तीन घायल हो गए हैं।

********************

राजधानी रांची में घुरती रथयात्रा के साथ दस दिनों से चल रहे रथयात्रा महोत्सव का आज समापन हो रहा है। इस दौरान मौसीबाड़ी में नौ दिनों के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा को मुख्य मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा। इसे लेकर आज सवेरे से ही मंदिर में कई अनुष्ठान हो रहे हैं।

********************

दुमका में संताल परगना के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र सिन्हा ने 11 जुलाई से शुरू होने जा रहे श्रावणी मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार पिछले साल से ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है और सतर्कता बरती जा रही है। राज्य मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गयी है। मेला क्षेत्र मे ड्रोन से नजर रखी जायगी। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इस बार बासुकिनाथ और देवघर में कांविरयों की संख्या पिछले साल की तुलना में ज्यादा होने की संभावना है। इसके मद्देनजर व्यवस्था की जा रही है।

********************

धनबाद में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य कार्यर्ताओं ने कम्बाइंड बिल्डिंग चौक सिथत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।

********************

आयकर विभाग द्वारा रांची में आज से ग्यारह जुलाई तक आयोजित टैक्सपेयर हब में करदाताओं को आयकर बिल, टीडीएस और आयकर रिटर्न दाखिल करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में गृह रक्षकों की भर्ती की तारीख तय हो गई है। शारीरिक जांच और लिखित परीक्षा का आयोजन 20 जुलाई से दो अगस्त तक किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए प्रखंडवार तिथि निर्धारित की गई है। 20 जुलाई को तांतनगर, 21 जुलाई को खुंटपानी, 22 जुलाई को नोआमुंडी एवं झींकपानी, 23 जुलाई को कुमारडुंगी एवं मंझारी, 24 जुलाई को गोईलकेरा एवं गुदड़ी, 25 व 26 जुलाई को चक्रधरपुर, 27 जुलाई को बंदगांव, 28 जुलाई को आनंदपुर एवं हाटगम्हरिया, 29 जुलाई को जगन्नाथपुर एवं मंझगांव, 30 जुलाई को सोनुआ, 31 जुलाई और एक

अगस्त को मनोहरपुर एवं सदर ग्रामीण चाईबासा तथा दो अगस्त को टोंटो एवं शहरी के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी।

**********************

लातेहार के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलबसिया रेलवे कोयला साइडिंग के पास खड़ी हाइवा में अपराधियों ने आग लगा दी। इस दौरान अपराधियों ने गोलीबारी भी की और पर्चा फेक कर घटना की जिम्मेदारी भी ली है। घटना कल देर रात की है। पर्चा में कोयला के कारोबार से जुड़े लोगों को रंगदारी देने के लिए धमकी दी गई है।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

**********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को इस दौरान घर में ही रहने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि खराब मौसम के दौरान घर के अंदर ही रहें, क्योंकि गरज और बिजली के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके भी आ सकते हैं. ऐसी स्थिति में सुरक्षित स्थान पर रहें, पेड़ के नीचे या रेलवे पुल के नीचे या ऊंचे इलाके में न जाएं।

********समाप्त********